महत्वपूर्ण एवं खास

6 पुलिस कर्मी का तबादला आदेश जारी

रायपुर। रायपुर जिले के एसएसपी आरिफ शेख ने मंगलवार को राजधानी के 6 पुलिकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें 3 उप निरीक्षक और 3 सहायक उप निरीक्षक शामिल है। जारी आदेशानुसार एसआई कृष्ण कुमार साहू को थाना ताजनगर सिविल लाइन से आजाद चौक, एसआई झड़ीराम बंजारे को थाना आजाद चौक से थाना ताजनगर सिविल लाइन, एसआई डीडी कोसले को सिविल लाइन थाने से सिलयारी चौकी धरसीवां का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह एएसआई महेन्द्र मिश्रा को सिलयारी चौकी से थाना खरोरा, एएसआई घनश्याम मिश्रा को पुरानी बस्ती से थाना खरोरा व एएसआई श्रवण मिश्रा को थाना राजेन्द्र नगर से सिविल लाइन भेजा गया है।

धान बीज उपलब्ध कराये जा रहे हैं किसानों

बिलासपुर। बिलासपुर जिले में खरीफ सीजन 2019 में धान बीज वितरण के लक्ष्य 44905 क्विंटल के विरूद्ध 93 समितियों में 18733 क्विंटल धान बीज का भंडारण किया गया है। निर्धारित बीज विक्रय दर धान मोटा 2150 रूपये प्रति क्विंटल, धान पतला 2350 रूपये प्रति क्विंटल, धान सुगन्धित 2725 रूपये प्रति क्विंटल में किसानों को अनुदान सहित दर पर सेवा सहकारी समितियों एवं बीज निगम सेंदरी के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से अभी तक किसानों के द्वारा 6766 क्विंटल धान बीज उठाया गया है। बीज निगम बिलासपुर द्वारा बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 695 हेक्टेयर क्षेत्र में धान बीज का उत्पादन किया जायेगा। जिससे 31600 क्विंटल धान बीज प्राप्त होने की संभावना है। यह धान बीज समर्थन मूल्य से 500 रूपये अधिक कीमत पर बीज निगम द्वारा बीज उत्पादक कृषकों से क्रय किया जाता है। उप संचालक कृषि बिलासपुर ने बताया कि जिन किसानों को बीज खरीदना है वे सहकारी समितियों से संपर्क कर आवश्यकतानुसार खरीफ फसलों के बीज खरीद सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये अपने क्षेत्र के निकटतम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

बीमा कंपनी के प्रबंधक के घर लाखों की चोरी, सीसीटीवी में आरोपी कैद

कोरबा। नेशनल इंश्योरेंस कंपनी में मैनेजर के घर से लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। जानकारी के अनुसार रामपुर पुलिस चौकी अंतर्गत कोसाबाड़ी क्षेत्र में संचालित नवजीवन नर्सिंग होम के सामने एक मकान में किराए पर निवासरत नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजर अभिषेक गुप्ता के घर यह चोरी हुई है। श्री गुप्ता 1 जून को सपरिवार शादी में शामिल होने बिहार गए हुए हैं। घर का काम कामकाज करने के लिए सुबह आने वाली बाई मंगलवार को सुबह की बजाय शाम को घर पहुंची तो गेट का ताला टूटा हुआ पाया। भीतर जाने पर कमरों में सामान बिखरे मिले, बाई ने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। सूचना पश्चात रामपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिले जिसमें सुबह करीब 4 बजे बाइक से पहुंचे दो युवक नजर आ रहे हैं जिन्होंने मोड़ पर बाईक खड़ी की। एक युवक बाइक के पास खड़ा था तो दूसरा गेट का ताला तोड़कर सामान व बुलेट वाहन लेकर भागता नजर आया। पुलिस द्वारा चोरों की तलाश में डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है। घर से हुइ चोरी की सूचना अभिषेक गुप्ता को दे दी गई है, जिनके पहुंचने के बाद चोरी गए सामानों की जानकारी मिल सकेगी।

पैसे के लेन-देन की बात पर मारपीट, इलाज के दौरान मजदूर की मौत

रायपुर। पैसे की लेन-देन की बात पर विवाद कर मजदूर आपस में एक दूसरे से भिड़ गये इस दौरान एक मजदूर को गंभीर रुप से चोट लगने पर डी.के.अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना को जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रावाभांठा खमतराई स्थित एक कंपनी के मजदूर नवीन राय व रधीर सिंह एवं रिशि सिंह पैसे की लेन-देन की बात पर आपस में मारपीट करने लगे इसी दौरान नवीन राय को रधीर सिंह व रिशि सिंह ने ईट से मारकर घायल कर दिया जिसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। वहीं कंपनी में काम करने वाले मजदूरों से बात करने पर पता चला कि मारपीट करने वाले मजदूर ,खगड़िया बिहार के रहने वाले है। कंपनी में काम करने वाले मजदूर पुलिस जांच में पुरा सहयोग कर रहे है।

राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल कल लेंगे राजस्व अधिकारियों की बैठक

रायपुर। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल आगामी 7 जून को रायपुर संभाग के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। यह बैठक रायपुर जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित होगी। रायपुर संभाग के आयुक्त जी.आर. चुरेन्द्र ने बताया कि संभाग स्तरीय इस बैठक में संभाग के सभी जिला कलेक्टरों सहित सभी राजस्व अधिकारियों यथा अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों की राजस्व गतिविधियों-विषयों पर समीक्षा बैठक आयोजित होगी। इसमें

मुख्य रूप से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भुईया कार्यक्रम, डायवर्सन, भू-अर्जन, ई-कोर्ट, विभिन्न मदों की राजस्व वसूली, न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने किया लोंहदा में दो करोड़ 21 लाख रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मुंगेली जिले के विकासखण्ड पथरिया के ग्राम लोंहदा में आयोजित चैपाल कार्यक्रम में दो करोड़ 21 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत 4 हितग्राहियों को 11 लाख 99 हजार रूपए का चेक वितरित किया साथ ही ग्राम भठलीकला के कृषक देवीप्रसाद साहू को ट्रेक्टर की चाबी सौपी। उन्होंने कार्यक्रम में ग्राम लोंहदा के श्री हरपाल और आशुतोष सिंह को केला उत्पादन करने के लिए सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने जिन कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया उनमें ग्राम बीरगांव में 54 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित नल जल योजना का लोकार्पण तथा बदरा (ठ.) में 42 लाख रूपये से बनने वाले नल जल योजना एवं बारगांव में 49 लाख रूपये की लागत से बनने वाले नल जल योजना का शिलान्यास शामिल है। इसी तरह बिरना नाला में 19 लाख की लागत से बनने वाले 10 नग कंट्रोल बोल्डर वॉल स्ट्रक्चर निर्माण, बिरना नाला पर कंचनपुर में 18 लाख की लागत से बनने वाले स्टाप डेम निर्माण, बंधवानाला पर 20 लाख की लागत से बनने वाले निस्तारी बांध एवं धूमा नाला पर 17 लाख रूपए की लागत से बनने वाले स्टाप डेम का शिलान्यास किया। इसी प्रकार उन्होंने राज्य पोषित उद्यमिता विकास योजना के तहत श्रीधर सोनी को 2 लाख 15 हजार रूपए, विश्वनाथ यादव को 2 लाख 65 हजार रूपए, श्रीमती हरजीत कौर को 3 लाख 60 हजार रूपए एवं जीनाथ कुर्रे को 3 लाख 59 हजार रूपए का चेक वितरित किया।

डिवाईडर पर वृक्षारोपण जरूरी - शुक्ला

रायपुर। शहर विस्तार के साथ ही सड़कों के चौड़ीकरण से जहां कांक्रीट के जंगल तैयार हो रहे हैं। वहीं हरियाली गायब होने से पर्यावरण असंतुलन के चलते हर वर्ष गर्मी में इजाफा हो रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विक्रय कर विभाग के पूर्व अधीक्षक अरूण कुमार शुक्ला ने उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नया रायपुर सहित शहर के ओव्हरब्रिज वाले हिस्से में नीचे की ओर आने जाने वाली सर्विस लाइन बीचोंबीच डिवाईडर का निर्माण किया गया है। इसमें इस वर्ष स्वयंसेवी संस्थाओं एवं वन विभाग के सहयोग से व्यापक वृक्षारोपण किए जाने की आवश्यकता है।

शुक्ला के अनुसार लंबे डिवाईडर जहां पदयात्रियों के लिए परेशानी का सबब बने हैं वहीं मुख्य मार्ग सहित शहर के भीतरी क्षेत्रों में सड़कों के चौड़ीकरण के चलते विशेषकर केनाल रोड में दूर दूर तक पेड़ों की छाया नहीं होने से लोगों को आवाजाही में तकलीफों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने रायपुर बिलासपुर हाइवे की चर्चा करते हुए कहा कि इस मार्ग पर सड़कों का चौड़ीकरण होने से जहां यातायात सुगम हुआ है वहीं दूर-दूर तक वृक्ष की छांव नहीं है। उक्त मार्ग आवाजाही के तैयार अगर दोपहिया या चौपहिया वाहन खराब हो जाता है तो भारी गर्मी के चलते दूर दूर तक पेड़ की छाया नहीं है।

नदी में नहाती युवतियों का वीडियो बनाते एक युवक सपड़ाया

जगदलपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेटावाड़ा में इंद्रावती नदी में नहा रही युवतियों का वीडियो बनाए जाने पर ग्रामीणों ने युवक को पकड़ कर आज पुलिस के हवाले किया। बताया गया कि किंजोली निवासी युवक भोला नाग अपने रिश्तेदारी में मेटावाड़ा में रह रहा था। वह प्रतिदिन छिपकर युवतियों को नदी में नहाते देखा करता था। युवतियों ने परिजनों से इसकी शिकायत भी की थी। गांव वाले उस पर नजर रख रहे थे। कुछ युवतियां नदी में नहाने पहुंची तो झाड़ियों में छिपकर युवक उनकी वीडियो बना रहा था।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल राजीव भवन पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मिले

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक में प्रदेश के मंत्रियों को सप्ताह में 1 दिन समय निर्धारित कर कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में उपस्थित रहने का निर्देश दिए हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल राजीव भवन पहुंचकर संचार विभाग में बैठे एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी से चर्चा की उसके बाद प्रदेश युवा कांग्रेस के दफ्तर में बैठकर कार्यकर्ताओं से मिलते रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित समस्याओं से शिक्षा मंत्री उमेश पटेल को अवगत कराएं। कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गिरीश देवांगन से मुलाकात की एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशो के संबंध में चर्चा किये एवं संगठन के द्वारा तय समय में राजीव भवन में अपनी उपस्थिति दी। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेलके निर्देश के बाद कांग्रेस संगठन के द्वारा निर्धारित समय में राजीव भवन में उपस्थित रहेंगे। उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित समस्याओं को सुनेंगे एवं वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं से प्राप्त आवेदनों को त्वरित कार्यवाही हेतु उच्च शिक्षा विभाग को निर्देशित करेंगे।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कलेक्टर्स-पुलिस अधीक्षकों की कॉन्फ्रेन्स आज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में कलेक्टर्स-पुलिस अधीक्षकों की कॉन्फ्रेंस 6 जून को मंत्रालय (महानदी भवन) अटल नगर के कक्ष क्रमांक स0-12 में दो सत्रों में आयोजित की गई है। प्रथम सत्र अपरान्ह एक बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

जिसमें समस्त संभागायुक्त, कलेक्टर, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगर निगमों के आयुक्त उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर कॉन्फ्रेंस का दूसरा सत्र शाम 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक होगा, जिसमें समस्त संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना 'नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरस्त आवेदनों की समीक्षा, शहरी भूमि के पट्टों के नवीनीकरण, नदियों की भूमि के सीमांकन एवं उस पर हुए अतिक्रमण की जानकारी, जल संरक्षण हेतु किए गए उपायों और सिंचाई रकबा दोगुना करने के लिए तैयार की गई कार्ययोजना की समीक्षा की जाएगी।

कॉन्फ्रेंस में नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए बनाई जाने वाली कार्ययोजना, नदियों के तट पर वृक्षारोपण, चिटफंड घोटाले की पीड़ितों के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों की वापसी और पीड़ितों को राशि वापसी हेतु किए गए।

उपायों, फूड प्रोसेसिंग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम श्रेणी, लघु वनोपज आधारित एवं कृषि प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना एवं प्रस्तावित रोजगार सृजन की कार्ययोजना, डीएमएफ और सीएसआर से हितग्राही मूलक कार्यों की प्रस्तावित कार्ययोजना तथा अब तक प्राप्त राशि एवं व्यय की स्थिति, पेयजल संकटग्रस्त ग्रामों, मजरों-टोलों को पेयजल संकट से मुक्त करने की प्रस्तावित कार्ययोजना, जेनेरिक दवाईयों की उपलब्धता और महिलाओं एवं बच्चों एवं पोषण स्तर में सुधार की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

महिलाओं ने सायकल रैली निकाल कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की किशोरी बालिकाओं का साइक्लिंग ग्रुप ब्रम्हास्त्र साइक्लिंग क्लब ने भी हमेशा की तरह अपना योगदान दिया। आज साइक्लिंग क्लब की संचालक की अनुपमा तिवारी के साथ अवंति विहार कॉलोनी कविता नगर से प्रयास एजुकेशन सिटी रायपुर सड्डू तक विभिन्न रास्तों से होते हुए 25 किलोमीटर साईकल रैली निकाली गई। इसमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग सड्डू के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह तथा सड्डू के गणमान्य नागरिक श्री छत्रपाल धीवर, प्रवीण एवं उनके सहयोगियों ने भी भाग लिया।

रायपुर रेल मंडल ने पहली बार रोलिंग इन रोलिंग आउट डिजीटलाइजेशन हॉट का शुभारंभ किया

रायपुर। आज दिनांक 5 जून 2019 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल ने रोलिंग इन रोलिंग आउट डिजीटलाइजेशन हट का शुभारंभ यांत्रिकी विभाग में कार्यरत टेक्नीशियन -3 गोविंद एवं रामफूल मीणा टेक्निशियन -टू द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कौशल किशोर की उपस्थिति में किया गया। यात्रियों की सेफ्टी के प्रति बड़ा कदम उठाते हुए रायपुर स्टेशन पर प्रवेश करने वाली एवं रायपुर स्टेशन से निकलने वाली सभी गाड़ियों का निरीक्षण रोलिंग इन रोलिंग आउट डिजीट लाइजेशन हट का शुभारंभ किया । इसमें मैकेनिकल विभाग के कर्मचारियों द्वारा सभी गाड़ियों का गहनता से निरीक्षण किया जाएगा गाड़ियों के नीचे की सभी यांत्रिक व्यवस्था सही प्रकार कार्य कर रही है इसकी भी सुनिश्चित की जाएगी जैसे ब्रेकिंग सिस्टम कोई हैंगिंग पार्ट आदि की जानकारी त्वरित हो सकेगी और उसकी रिकॉर्डिंग भी होगी एवं संबंधित जानकारी तुरंत कंट्रोल विभाग को देकर आगामी कार्यवाही की जा सकेगी। रोलिंग इन रोलिंग आउट निरिक्षण का कार्य पहले मैनुअली किया जाता था जिसे अब डिजीटलाइजेशन कर दिया गया है इस इसे डिजीटलाइजेशन करने के लिए 1920 गुणित 1080 रेजोल्यूशन के 11 हाई स्पीड कैमरा लगाए गए हैं । ट्रेन के निरीक्षण के विडीयो रिकॉर्डिंग के लिए 06 टीबी की हार्ड डिस्क लगाई गई है।

साई पल्लवी ने ठुकराया फेयरनेस क्रीम ऐड

साउथ की ऐक्ट्रेस साई पल्लवी इस समय चर्चा में हैं। इस चर्चा का कारण है कि उन्होंने 2 करोड़ के फेयरनेस क्रीम का विज्ञापन करने से मना कर दिया है। साई पल्लवी ने हाल में दिए एक इंटरव्यू में इस बात को स्वीकार किया उन्होंने एक फेयरनेस क्रीम के विज्ञापन के लिए 2 करोड़ रुपये के ऑफर को ठुकरा दिया।

उन्होंने कहा कि वह भारतीय हैं और उनका रंग सही है। इसके साथ ही कहा कि इस तरह के विज्ञापन लोगों और खासकर महिलाओं को गलत संदेश देते हैं, इसलिए वो ऐसे किसी भी कैंपेन में हिस्सा नहीं लेना चाहती है।

इसके अलावा साई पल्लवी ने बताया कि मेरी बहन पूजा अक्सर चीज बर्गर खाती रहती है और उसे हमेशा ये शिकायत रहती है कि वह मेरे जितनी गोरी नहीं है। हम दोनों जब भी आईने का सामने खड़े होते हैं तो वह मेरे और खुद के चेहरे को देखकर तुलना करती है।

मैने उसको कहा कि अगर सुंदर दिखना चाहती हो तो फल और सब्जियां खाए। इसके ऐक्ट्रेस ने बताया कि मेरी बहन को फल और सब्जियां नहीं पसंद हैं लेकिन फिर भी उसने ऐसा किया, क्योंकि वह गोरी होना चाहती थी। यह जानकर मुझे बहुत बुरा लगा।

श्रुति हासन ने खामोशी के लिए गाया गाना

अभिनेत्री-गायिका श्रुति हासन ने प्रभुदेवा और तमन्ना भाटिया अभिनीत आगामी हॉरर फिल्म खामोशी के एक गीत को अपनी आवाज दी है। श्रुति ने एक बयान में कहा, मुझे प्रभुदेवा सर निर्देशित करते रहे हैं .. मुझे खुशी है कि वह फिल्म का हिस्सा हैं और जो इसे बेहद खास बनाती है वह तमन्ना हैं क्योंकि वह मेरे सबसे प्यारे दोस्तों में से एक है। मुझे उनकी फिल्म में गाने की खुशी है। कहा जा रहा है कि यह गीत फिल्म की थीम पर

आधारित है। 1997 में पिता कमल हासन की लोकप्रिय फिल्म चाची 420 से गायिका के रूप में संगीत का सफर शुरू करने वाली श्रुति ने बाद में कई भाषाओं में गीत गाए। बॉलीवुड में उन्हें जोगनियां और सन्नाटा जैसे गानों के लिए जाना जाता है। चक्री तोलेटी निर्देशित खामोशी में भूमिका चावला और संजय सूरी भी सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म 31 मई को रिलीज होगी।

मैगजीन के कवर पर रेड हॉट लग रही हैं कृति सैनन

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कृति सैनन इस समय बॉलिवुड की सबसे खूबसूरत और उभरती हुई अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं। अब कृति सैनन हेलो मैगजीन के लेटेस्ट इशू के कवर पेज पर नजर आने वाली हैं। इस कवर फोटो में कृति बेहद हॉट लग रही हैं और उन्होंने यह तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है।

वेट लुक में कजरारी आंखों के साथ कृति रेड और गोल्ड बिकीनी में गजब की हॉट नजर आ रही हैं। कृति ने यह फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, हेलो! हेलोइंडिया के जून इशू की कवरगर्ल। थोड़ा रेड और थोड़ा हॉट फील कर रही हूं।

प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो कृति पिछली बार कार्तिक आर्यन के साथ लुका छुपी में दिखाई दी थीं जिसे ऑडियंस ने काफी पसंद किया था। अब वह आशुतोष गोवारिकर की फिल्म पानीपत में काम कर रही हैं जिसमें उनके साथ अर्जुन कपूर और संजय दत्त दिखाई देंगे।